C40 स्वच्छ वायु शहर घोषणा

प्रीलिम्स के लिये :

C40 घोषणा क्या है? इसके प्रावधान।

मेन्स के लिये :

जलवायु परिवर्तन के नियंत्रण में C40 का योगदान।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **C40 स्वच्छ वायु शहर घोषणा (C40 Clean Air Cities Declaration)** प्रस्ताव डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगेन में आयोजित विश्व महापौर सम्मेलन में पेश किया गया।

मुख्य बिंदु

- C40 जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध विश्व के प्रमुख महानगरों का एक नेटवर्क है। यह इन शहरों को जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने व सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये प्रभावी ढंग से सहयोग करने, ज्ञान साझा करने और स्थायी कार्रवाई करने के लिये एक मंच प्रदान करता है।
- इस सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक 3 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है जहाँ विश्व के प्रमुख शहरों के महापौर आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाती है।
- वर्ष 2019 के सम्मेलन का प्रमुख विषय स्वच्छ वायु शहर घोषणा (Clean Air Cities Declaration) था। विश्व के 35 शहरों के महापौर ने इसमें हिस्सा लिया जिसमें भारत के दो शहर दिल्ली तथा बंगलौर शामिल थे। इन शहरों का वैश्विक वायु प्रदूषण में बड़ा योगदान है।
- वायु प्रदूषण वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) के अनुसार, पूरे विश्व में प्रत्येक 10 में से 9 व्यक्ति प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं ।
- WHO के अनुसार, वायु प्रदूषण सामाजिक न्याय के विरुद्ध कार्य करता है एवं समाज गरीब व पिछड़े वर्ग इससे सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।

घोषणा के प्रस्ताव

- विश्व के सभी नागरिकों को स्वच्छ वायु प्रदान करने तथा पेरिस समझौतों के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये इस घोषणा में निम्नलिखित प्रस्ताव रखे गए-
- वायु प्रदूषकों को नियंत्रित करने के लिये मानक लक्ष्य तय करना तथा उनकी प्राप्ति के लिये प्रतिबद्ध रहना।
- ये लक्ष्य WHO द्वारा निर्धारित प्रदूषकों (पार्टिकुलेट मैटर, नाइट्रोजन डाईऑक्साइड, ओज़ोन तथा सल्फर डाईऑक्साइड) के नियंत्रण हेतु जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप होने चाहिये।
- इन शहरों में वायु प्रदूषण के मुख्य कारकों की पहचान की जाए और उनके नियंत्रण के लिये मौलिक नीतियों एवं कार्यक्रमों को लागू किया जाए।
- घोषणा के अनुसार, वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तय किये गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये प्रतिबद्धता दिखाई जाए। इस कार्य में प्राप्त लक्ष्यों को वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित किया जाए।

संभावित लाभ

- इस घोषणा में सम्मिलित 35 शहर यदि अपने औसत वार्षिक PM 2.5 के उत्सर्जन स्तर को कम कर 10ug/m3 तक ला सकें तो इससे विश्व में वायु प्रदूषण से होने वाली प्रतिवर्ष 40 हजार मौतों को टाला जा सकता है।
- C40 के शोध के अनुसार, यदि ये सभी शहर अपने यातायात, भवनों के निर्माण तथा उद्योगों के संचालन में इन प्रस्तावों का पालन करें तो ग्रीनहाउस

गैसों के उत्सर्जन में 87%, PM2.5 के उत्सर्जन में 50% तथा विश्व में प्रदूषण से होने वाली मौतों में 2,20,000 की कमी की जा सकती है।

स्रोत: द हिन्दू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/c40-clean-air-cities-declaration